जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1061 दिनांक 17/05/2012

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय– बी.एड. (सत्र 2010–11) की परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों के आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट करने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बी.एड. (सत्र 2010–11) में एम.पी. ऑनलाइन द्वारा प्रवेशित छात्र–छात्राओं की परीक्षा संपन्न हो चुकी है और विश्वविद्यालय द्वारा समस्त शिक्षा महाविद्यालयों में बाह्य परीक्षक नियुक्त कर दिये गये हैं। इस हेतु संबंधित शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य गोपनीय विभाग से पासवर्ड प्राप्त कर आंतरिक/बाह्य परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों के अंक अंतिम तिथि 25 मई 2012 तक ऑनलाइन अपडेट करना सुनिश्चित करें। अपडेट किये गये अंकों को दो प्रतियों में **(Foil/Counter Foil)** (प्रथम–बाह्य परीक्षक द्वारा हस्ताक्षर की गयी मूल प्रति तथा द्वितीय–कम्प्यूटर पर ऑनलाइन अपडेट की गयी प्रति) संबंधित प्राचार्य द्वारा अग्रेषित की हुयी विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें।

ऑनलाइन अंक अपडेट करने से पूर्व समस्त शिक्षा महाविद्यालय निम्न प्रक्रिया का पालन करना करेंः–

1. सर्वप्रथम, महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्र ने जिस विषय में परीक्षा दी है, उसी विषय को 'अपडेट एक्जाम फार्म' आप्सन में सिलेक्ट करें तथा प्रेक्टीकल विषयों के पेपरकोड भी अनिवार्य रूप से चयनित करें।
2. परीक्षा फार्म अपडेट करने के उपरांत 'जेनरेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' ऑप्सन में जाकर बी.एड. कक्षा सिलेक्ट करें और 'प्रोसीड' बटन को दबायें। उसके बाद स्क्रीन पर 'सेशनल/प्रेक्टीकल मार्क्स जेनेरेटेड' लिखा आ जायेगा, इससे आपकी समस्त विषयों की विषयवार सूची जेनरेट हो जायेंगी।
3. समस्त परीक्षार्थियों के ऑनलाइन अंक विषयवार सूची में अपडेट करने के उपरांत 'क्लासवाइज प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' ऑप्सन में जाकर परीक्षार्थी के भरे गये सम्पूर्ण अंकों को देख लें कि छात्र के किसी विषय में अंक अपडेट करने से रह नहीं गये हों।
4. महाविद्यालय द्वारा भरे गये अंकों को प्रिन्टआउट निकाल कर एक बार पुनः चैक कर लें कि किसी छात्र के अंक गलत तो नहीं भर गये हैं। गलत भरने की स्थिति में 'अपडेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' आप्सन में जाकर अपडेट किये गये अंकों में ऑनलाइन सुधार कर दें।

अतः समस्त सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25 मई 2012 तक आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट करें, जिससे निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित करने की कार्यवाही की जा सके। तिथि उपरांत वेबसाइट को बंद कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षा महाविद्यालय का होगा।

कुलसचिव,

प्रतिलिपि–

1. उप/सहायक–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा),जीवाजी वि.वि.,ग्वालियर

उपकुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)

// शपथ–पत्र //

संस्था का नाम – ....
संस्था सचिव का नाम – ....
पिता का नाम – ....
आयु – ....
संस्था द्वारा संचालित – ....
महाविद्यालय का नाम एवं पता

मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि :–

1. यहकि बी.एड. (सत्र 2010–11) में एम.पी.ऑनलाइन द्वारा प्रवेशित परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण की है और वे नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हुये हैं।
2. यहकि महाविद्यालय ने परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की आंतरिक/बाह्य परीक्षा नियमानुसार संपादित की है और परीक्षा में सम्मिलित छात्रों के ही अंक विश्वविद्यालय भेजे गये हैं।
3. यहकि विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों से नियमानुसार प्रेक्टीकल परीक्षाएँ आयोजित करवाई हैं तथा बाह्य परीक्षक द्वारा दिये प्रश्नों के आधार पर ही परीक्षार्थियों की प्रेक्टीकल पुस्तकें विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत की गयी हैं।
4. यहकि अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं ने 'टीचिंग लेसन' के अध्ययन के लिये विद्यालय में नियमानुसार ट्रेनिंग ली है।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्त्ता (संस्था–सचिव) कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा दी जा रही समस्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य से प्राप्त की है। मेरे निजी ज्ञान के अनुसार यह जानकारी सत्य है। यदि इसमें असत्यता पायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता

आंतरिक/बाह्य परीक्षा आयोजित कराने के उपरांत निम्न दस्तावेजों को विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कर ऑनलाइन पासवर्ड प्राप्त करें:–

---

1. Certificate of Affiliation for Jiwaji University, Gwalior
2. Copy of Final Practical Exam (Questionnaire of Examiner and Answer sheet)
3. Copy of Practical Books
   - (i) Copy of Microteaching
   - (ii) Copy of Lesson Plans: First & Second Method
   - (iii) Copy of Criticism Lesson
   - (iv) Copy of Psychology
4. Certificate of Teaching Lesson in school provided by principal of related school
5. Affidavit